## रामाकोना में निकाली काकड़ आरती, गाये भजन

**रामाकोना, देशबन्धु।** संतों की नगरी तथा आध्यात्मिक नगरी श्री तीर्थ क्षेत्र पैठण तुल्य ग्राम रामाकोना में पवित्र कार्तिक मास के अवसर पर संपूर्ण माह में विट्ठल मंदिर समिति रामाकोना तथा दुर्गा कॉलोनी माता मंदिर समिति द्वारा संपूर्ण कार्तिक मास में काकड़ आरती निकाली जाती है। शरद पूर्णिमा के दूसरे दिन काकड़ आरती सुबह 5:00 बजे विट्ठल मंदिर प्रांगण से प्रारंभ कर के नगर भ्रमण करते हुऐ ग्राम के संत लीलामृत घाट, एकनाथ महाराज मंदिर, हनुमान मंदिर, साई मंदिर तथा माता माँ मंदिर का दर्शन करते हुए नगर भ्रमण कर विठ्ठल मंदिर पहुंचती है। यहां सामूहिक रूप से काकड़ आरती की जाती है। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। यह प्रसाद ग्राम की महिलाएं, बालिकाओं द्वारा अपने अपने घरों से लाया जाता है और प्रतिदिन यह प्रसाद आरती के पश्यात भक्तों को वितरीत किया जाता है। यह काकड़ आरती कार्तिक मास में सतत एक माह निकाली जाती है।

बुजुर्ग एवं जानकर बताते है कि यह काकड़ आरती कन्हान नदी महोत्सव को प्रारंभ करने वाले संत हिरामन एवं संत वाताजी की परंपराओ को आगे बढ़ाते हुए सतत 368 वर्षों से काकड़ आरती का आयोजन किया जा रहा है। जिसका त्रिपुरारी पूर्णिमा के अवसर पर समापन किया गया।

इस अवसर पर विट्ठल मंदिर रामाकोना में भजन मंडलीयों तथा विट्ठल मंदिर समिति रामाकोना द्वारा त्रिपुरारी पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि 12:00 बजे त्रिपुर जलाया गया। तत्पश्चात विट्ठल मंदिर प्रांगण में महिला भजन मंडल तथा विठ्ठल मंदिर समिति द्वारा हरिपाठ कर अपनी प्रस्तुति दी गई।



विट्ठल मंदिर से काकड़ आरती एवम पालकी नगर भ्रमण करते हुए संत लीलामृत घाट में संत एकनाथ महाराज मंदिर के दर्शन कर, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, साई मंदिर, माता माँ मंदिर के दर्शन करते हुए। विट्ठल मंदिर पहुँची जहां उपस्थित महिला बालिकाओं द्वारा काकड़ आरती एवम पालकी का स्वागत किया गया। एवं सामूहिक काकड़ आरती की गई। सामूहिक काकड़ आरती पश्यात भक्तों की फुगड़ी, भजन मंडलीयो का नारियल पान देकर सत्कार किया गया एवम उपस्थित सभी भक्तों को स्वल्पाहार दिया गया।

ग्राम के अरुण खारकर की बालिका कुमारी श्रुति खारकर ने भगवान पांडुरंग की रंगोली बनाई जिसने सभी का मनमोह लिया सभी ने कुमारी श्रुति की तारीफ की। मूर्ति लहान कीर्ति महान, कहावत वाकई में सटीक बैठने वाली बात को पूरा करता हुआ दृश्य उस समय देखने को मिला जब त्रिपुरारी पूर्णिमा के समापन अवसर पर गुर्वे परिवार के एक बाल कलाकार सुशील गुर्वे ने पखवाद बजाना शुरू किया तो उपस्थित भक्त गण नाचने एवं झूमने खुद को रोक न पाए। वहीं नन्ही सी बालिका कुमारी यशिका गुर्वे ने मराठी भजन गा कर सबका मन मोह लिया.

तीर्थ क्षेत्र रामाकोना का विट्ठल मंदिर त्रिपुरारी पूर्णिमा के एक दिवस पूर्व षटवा माता मंदिर समिति द्वारा रात में जागकर फूलों,गुब्बारे से सजाया जाता है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ रहता है। इसकी युवाओ ने बहुत आकर्षक ढंग से साज सज्जा की।



## 11 सौ फीट लंबी चुनरी चढ़ाई मां वैनगंगा को, किया शैला नृत्य

**छपारा, देशबन्धु।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर विगत 20 वर्षों से परंपरानुसार इस वर्ष भी नगर के बैंनगंगा पुल घाट पर 11 सौ फुट लंबी चुनरी नदी तट पर पहुंच विधि-विधान से पूजन अर्चन कर अर्पण की गई।

दोपहर 4 बजे नगर के विधुत विभाग कार्यालय के सामने से भव्य चुनरी शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड से नदी तट पर धूमधाम से पहुंची। जहां पावन नदी का जलाभिषेक नगर के विद्वान ब्राह्मणों की उपस्थिति में किया एवं आरती के बाद विशाल चुनरी नदी को भेंट चढ़ाई गई।

इस चुनरी शोभायात्रा में क्षेत्रीय एवं केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह सहित नगर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## सड़क दुर्घटना में डिप्टी रेंजर की मौत

**छपारा, देशबन्धु।** वन परीक्षेत्र छपारा के उपवन परिक्षेत्र गणेशगंज में पदस्थ सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी निरंजन सिंह तेकाम उम्र 48 बर्ष का इलाज के दौरान गोंदिया में निधन हो गया।

तेकाम कल 14 नवंबर शाम 7 बजे सामाजिक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे बालाघाट के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। वे इस दुर्घटना में घायल हो गए। उन्हें तत्काल पुणे अस्पताल में एडमिट करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।



तेकाम व्यवहार कुशल धार्मिक व्यक्तित्व के धनी थे तेकाम का निधन का समाचार मिलते ही शोक की लहर फैल गई आप अपने पीछे दो सुपुत्र धर्म पत्नी सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़कर चले गए श्री तेकाम को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं तेकाम परिवार को गहन दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

## सार-समाचार

### सीतापर में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

**चौरई,देशबन्धु ।** पत्रकार प्रदीप ठाकुर ने जानकारी दी कि शुक्रवार को ग्राम सीतापर में आयोजित मढ़ई मेला कार्यक्रम में विधायक चौधरी सुजीत सिंह पहुंचे। इस मौके पर विधायक श्री चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है साथ ही मेलजोल व आपसी सौहार्द की भावना भी बढ़ती है। इस अवसर पर ग्राम सीतापार टोला की महिलाओं ने विधायक चौधरी सुजीतसिंह के समक्ष अपनी समस्या रखी जिस पर विधायक ने जल्द हल कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर विधायक के साथ तीरथ सिंह ठाकुर, रामहेत ठाकुर, प्रेमेंद्र साहू, धीरज खंडेलवाल, सचिन वर्मा, प्रदीप ठाकुर, बद्री पटेल, फकीरा पटेल, पूर्व सरपंच शर्मा, दीपक ठाकुर, ब्रजमोहन ठाकुर, विष्णु शर्मा, रामगोपाल पटेल, रमेश, सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्राम सीतापार के ग्रामवासी सहित आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### साकल घाट पर श्रीमद्भागवत कथा और दीपदान कार्यक्रम आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्थान मंडल उभय भारती शंकराचार्य आश्रम सांकल घाट हीरापुर नर्मदा तट पर आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम एवं कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली महोत्सव सवा लाख दीपदान कार्यक्रम में पंच अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ के अंतिम दिवस पर परीक्षित मोक्ष एवं सुदामा चरित्र का वर्णन किया । कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर देव दीपावली मनाई जाती है नर्मदा तट पर दीपदान करने का महत्व एवं नर्मदा की महिमा एवं पूज्य ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी का साकल घाट स्थित आश्रम एवं गुरु गुफा से विशेष लगाव होना बताया । कार्यक्रम में मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,पूर्व विधायक कल्याणी पांडे,रूद्रेश तिवारी,संतोष दुबे पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव सिंह हीरापुर राजा साहब पं.लक्ष्मी नारायण तिवारी,राघवेंद्र सिंह मनीष मिश्रा,पंडित भूपेंद्र सहित बड़ी संख्या में शंकराचार्य शिष्य परिवार के लोगों उपस्थित रहे कार्यक्रम में कथा व्यास गोपाल सुंदर महाराज एवं कार्यक्रम की संयोजक नीलमणि एवं लक्ष्मीमणि की विशेष उपस्थिति रही।

### हर्षोल्लास से मनाई गई गुरु नानक जयंती



**करेली, देशबन्धु ।** कार्मेल विद्यालय में गुरु नानक जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रविंद्र पाल सिंग लांबा अध्यक्ष, गुरुद्वारा सिंग सभा का आगमन हुआ। कार्यक्रम का आरंभ गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ तदोपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया गया एवं विद्यालय के छात्रों द्वारा पंजाबी मार्शल आर्ट गतका का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य फादर वर्गिस ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं गुरुनानक देव जी के आदर्शों का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि रविंद्र पाल सिंह लांबा ने अपने उद्बोधन में गुरुनानक देव जी के द्वारा प्रदत्त ज्ञान एवं उनके द्वारा दी हुई शिक्षाओं का उल्लेख किया और बताया कि ईश्वर एक है और वह सभी जगह विद्यमान है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य फादर वर्गिस ने स्मृति चिन्ह बैठकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

### सावनेर के भाजपा प्रत्याशी का कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं को देख लेने की धमकी का वीडियो वायरल, मामला दर्ज कराने सौंपा ज्ञापन

**सौसर, देशबन्धु ।** नगर के थाना प्रभारी को सौसर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र येमदे के नेतृव मे ज्ञापन सौंप भाजपा प्रत्याशी पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञात है की सावनेर महाराष्ट्र मे विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने जा रहा है जिसको लेकर दोनों पार्टी के कार्यकर्त्ता चुनाव प्रचार के लिए सौसर से अपने अपने उम्मीदवार के पक्ष मे प्रचार करने जा रहे है । बढ़ेगाव की एक सभा मे भाजपा प्रत्याशी ने सौसर के कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ को देख लेने की धमकी दे डाली जिसका वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है । ज्ञापन सौपने पूनाराम बाविस्टाले, भागवत महाजन, सुखदेव गुर्वे, संजय ठाकरे, अरविन्द डहाके, पंकज दातारकर, योगेश अढ़ाऊ, ज्ञानेश्वर गावंडे, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल रहे ।

## ग्राम पंचायत बगलई में मनाई बिरसा मुंडा जयंती

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगलई उजर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह,देवदत्त पचौरी एवं अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।



वहीं कलेक्टर पटले ने कहा कि जनजातियां हमारे देश का गौरव रही है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा हमें जनजातीय समाज से मिलती है। इस समाज में हमेशा सकारात्मक भाव ही देखने मिलता है।बड़े ही आत्मीय और अपनेपन के भाव से मिलते हैं। आज जनजातीय समाज के मसीहा बिरसा मुण्डा का जन्म जयंती का आयोजन समूचे देश में किया जा रहा है। उन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज की पीढ़ी उनके इस अहम योगदान को जाने और समझे कि किस प्रकार हमें अपनी मूल से जुड़े रहने की ज़रूरत है।

जनजातीय समाज के उत्थान के लिए शासन द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। जनजातीय समाज के लोग इन योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ रहे हैं। सांस्कृतिक क्षेत्र में जनजाति समुदाय का गौरवपूर्ण योगदान है। शासन द्वारा जनजाति समाज के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कृर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के जनजाति बहुल 73 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में 18 विभागों की योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाऐगा और सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। आज इस कार्यक्रम में बच्चियों में जिस उत्साह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है उससे उनका आत्म विश्वास झलकता है। सरदार सिंह पटेल ने अपने विचार व्यक्त किए और सभी को बिरसा मुण्डा जयंती की बधाई दी। उन्होंने बताया कि जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। इस वर्ग से संबंध रखने वाले लोग अब अपनी पहचान राजनीतिज्ञ,खिलाड़ी,अधिकारी के रूप में बना रहे है।

वीरांगना रानी दुर्गावती,शंकर शाह,रघुनाथ शाह और अन्य महान नायकों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत सुप्रिया ठाकुर, अक्षिता सिलावट, तमन्ना गोंड, मिस्टी सिलावट, साहिल गोंड व रूही मेहरा को जाति प्रमाण पत्रों, मिलेश रजक व राजेश सेन को खाद्यान्न पात्रता पर्चियों और धर्मेन्द्र/ विश्वनाथ, सुरेंद्र कुमार, रेखा बाई/ बेनी प्रसाद, गोविंद कुशवाहा व हिम्मत सिंह को आवास प्लस योजना के तहत हितलाभों का वितरण किया गया इसी तरह अतिथियों ने ग्राम बगलई के कृषक हरीशचंद्र/ बसोरीलाल चढ़ार, भूरेलाल/ शिवदयाल कुशवाहा, मुकेश/ बद्रीप्रसाद मरावी, बेनी सिंह/ पोहुप सिंह मेहरा और संदीप/ बल्लू ठाकुर को मसूर बीज मिनीकिट का वितरण किया गया।

## मिशन स्कूल में स्वास्थ्य शिविर



**छपारा, देशबन्धु।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनांक 15 नवम्बर 2024, दिन शुक्रवार को मसीही समाज, प्रेसबिटेरियन फ्री चर्च छपारा के सौजन्य से मिशन स्कूल छपारा में दिव्यांग जन स्नेह-संबल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उम्र के 45 दिव्याँग जन सम्मिलित हुए।

सेवानिवृत्त बीएमओ डॉक्टर देवाशीष बेनर्जी द्वारा नि:स्वार्थ भाव से सभी दिव्याँग जनों की जांच की गई, मसीही समाज द्वारा मुफ़्त दवा वितरित की गई एवम् लाइफ-लाइन पेथलॉजी एवम् जिंदल पेथलॉजी द्वारा के संचालक तिरेन्द्र सौनिक एवं कु. शाइस्ता ख़ान द्वारा नि:स्वार्थ भाव से ब्लड-टेस्ट किया गया।

इस शिविर में कुछ ऐसे भी दिव्याँग जन पाए गए जिन्हें ब्लड-प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल और मिर्गी जैसी गंभीर बीमारी थी, किंतु उन्हें इसका अभी तक इलाज नहीं मिला था।

मसीही समाज की महिला समिति द्वारा सभी दिव्याँग जनों और उनके परिजनों के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करके उनकी समस्याओं को सुना गया और उन्हें उचित परामर्श दिया गया, तथा शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, गर्म वस्त्र तथा इनाम वितरित किया गया।

ज्ञात होवे कि मसीही समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष दिव्याँग जनों एवम् बुजुर्गों के लिए नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है, उनकी स्वास्थ्य संबंधी जाँच कराई जाती है और उनके साथ मनोरंजक क्षण व्यतीत किए जाते हैं और सभी के लिए भोजन और परिवहन की व्यवस्था भी कराई जाती है।

## राज्यस्तरीय क्रिकेट में चार खिलाड़ियों का चयन



**बिछुआ, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा विभागीय राज्य स्तर में कुमारी भारती खोरगडे ,कुंती विश्वकर्मा ,दुर्गा उईके ,शिवानी बट्टी ,का चयन हुआ है जो कि 16 नवम्बर को अमरवाड़ा स्टेडियम में अपना प्रदर्शन किया। उनके चयन पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग सत्येन्द्र सिंह मरकाम, ट्राईवल जिला खेल अधिकारी अनुरोध शर्मा, बीईओ रजनी आगामे, प्राचार्य मिथलेश कुमार इवने, प्राचार्य वी के पडोले, पीटीआई संजीव गौतम, ललित गुप्ता, लक्ष्मी डेहरिया, गणेश घाघरे, स्वाति शुक्ला, स्वाति भट्ट, प्रमोद बागडे, रामप्रसाद परतेती, जयदेव कडवे, मोनिका पलवार, रेखा भमोरे, रूपाली हुरडे, नीतु पवार, संजय परतेती, सीमा बघेल, नीना पाटिल, रानी चौरिया, चारूमित्रा चौरे, प्रज्ञा इंदौरकर, कविता मालवीय, विनोद ठाकरिया, ब्लॉक खेल समन्वयक प्रकाश डेहरिया,समेत स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राओं ने शुभकामनाएं दी।

## अथर्व एवं मयंक का राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन



**सौसर, देशबन्धु ।** खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद करते हैं। हाल ही में इंदौर में संपन्न हुए राज्य स्तरीय शालेय खेल महोत्सव में सौसर क्षेत्र के दो कराते खिलाड़ी अथर्व नामदेव वडस्कर एवं मयंक राजकुमार बरखडे ने 68 वीं कराते प्रतियोगीता मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके बाद अब दोनों खिलाडी हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेगे।

यह दोनों खिलाडी ने सौसर में संचालित संजय मार्शल आर्ट स्कूल से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके साथ ही इस राज्य स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगीता मे अक्षदा राधेश्याम सोनेकर ने रजत पदक एवं देवांश सूरज गायकवाड ने कास्य पदक प्राप्त किया एवं आरुषी बाबूलाल विश्वकर्मा का सराहनीय प्रदर्शन रहा।

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए स्वर्ण पदक लाने स्वप्न - अथर्व**

इंदौर से लौटने के बाद अथर्व एवं मयंक ने बताया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी मध्यप्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए स्वर्ण पदक लाना उनका स्वप्न है। अथर्व एवं मयंक ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जितने के बाद अपने माता पिता एवं गुरुजनों को धन्यवाद किया। साथ ही चर्चा के दौरान दोनों के माता पिता एवं गुरु संजय ने कहा की हमे उम्मीद है की दोनों खिलाडी राष्ट्रीय प्रतियोगीता मे स्वर्ण पदक प्राप्त करेगे एवं क्षेत्र में कराते का इतिहास स्थापित करेंगे।

## जनहित के लिए सिवनी हो संभागीय मुख्यालय : सुजीत

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले को संभाग मुख्यालय बनाने की मांग जिला भाजपा द्वारा लंबे समय से की जा रही है । सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा आपके सभक्ष एवं प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भी यह मांग निरंतर रखी जाती रही है सिवनी जिला संभाग घोषित किये जाने के सभी मानदंडों को पूरा करता है इस समय प्रदेश में नये जिलों के गठन की प्रक्रिया चल रही है तब यह उचित अवसर है कि जनभावनाओं, क्षेत्र की आवश्यक्ताओं और जिले की जनता की मांग को पूरा करते हुए इसे संभाग मुख्यालय घोषित किया जाना चाहिए।

इस संबंधा में एक मांग पत्र पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमीति सदस्य सुजीत जैन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को प्रेषित किया गया है। पत्र में श्री जैन द्वारा उल्लेख किया गया कि बालाघाट एवं छिंदवाड़ा जिले के बीच में होने के चलते भौगोलिक दृष्टि से सिवनी ही वह सर्वोत्तम स्थान है जिसे संभगीय मुख्यालय बनाया जाना चाहिए इससे न सिर्फ सिवनी जिले की जनता बल्कि बालाघाट एवं छिंदवाड़ा जिले की जनता को भी व्यापक सुविधायें सरलतापूर्वक उपलब्ध हो सकेंगी।

**पूर्व जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, तीन जिलों की जनता को मिलेगा लाभ**



उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इन तीनों ही जिले के लोगों को संभाग से जुड़े अपने विभिन्न कार्यों के लिए जबलपुर जाना पड़ता है जिसके लिए उन्हे 150 किमी से लेकर 300 किमी तक की लंबी यात्रा करनी पड़ती है। सुजीत जैन ने कहा कि सिवनी जिले की आबादी एवं आवासीय क्षेत्रों का व्यापक विस्तार हुआ है साथ ही व्यावसायिक गतिविधियों में भी तेजी से उन्नती हो रही है। ऐसे में जिले वासियों को संभाग से जुड़े कार्यो के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसमें समय के साथ ही आवागमन का व्यय एवं रूकने खाने का व्यय भी जिले की जनता को अनावश्यक रूप से भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में सिवनी संभागीय मुख्यालय घोषित करने से तीनों ही जिलों के नागरिकों का समय एवं आर्थिक बचत होगी।

सुजीत जैन ने कहा कि सिवनी जिला भौगोलिक दृष्टि से 6 जिलों की सीमाओं को जोड़ता है वहीं महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर से भी जुड़ा हुआ है।युवाओ ने सुंदर से मंदिर की साज सज्जा की। इन सभी पहलुओं को देखते हुए सिवनी जिले को संभागीय मुख्यालय बनाया जाना हर दृष्टि से अनुकूल एवं उचित है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 17 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्कशीर्ष कृष्ण पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-रोहिणी।**

**मेष** आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**कर्क** व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

**कन्या** आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

**तुला** नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक** निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।

**धनु** आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

**मकर** कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

`क- 379-258

म. 179-124

3,5,6,8,38,50,62,84,41,05,91,10